1 इंस्पेक्टर 'मातादीन चाँद पर', से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें -

1. पुलिस मंत्री ने तनख्वाहें बढ़ा दीं, 2, 3 महीनों सचमुच बहुत फर्क आ गया।
2. इंस्पेक्टर मातादीन उजाले पक्ष के माहिर माने जाते थे।
3. आई.जी. ने कहा वीर हनुमान को हम बहुत पहले से जानते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल एक
(B) केवल दो
(C) सभी तीनों
(D) कोई कथन सही नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

2 निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें :

1. सजनवा बैरी हो गये हमारो! सजनवा : तीसरी कसम
2. चंदा की चांदनी : लाल पान की बेगम
3. सजन रे झूठ मत बोलो, खुदा के पास जाना है : चीफ की दावत

उपर्युक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल एक युग्म
(B) केवल दो युग्म
(C) सभी तीनों युग्म
(D) इनमें से कोई भी युग्म नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

3 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें -

1. एक टोकरी भर मिट्टी कहानी छत्तीसगढ़ पत्रिका में प्रकाशित हुई।
2. गोपाल राय ने बंग महिला कृत 'चंद्रदेव से मेरी बातें' को हिन्दी की पहली राजनीतिक कहानी माना है।
3. 'दुलाई वाली' में बंग महिला ने हास्य की लोक अवधारणा की बड़ी मार्मिक अभिव्यक्ति की है।
4. वंशीधर का ससुराल इलाहाबाद था।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 3 और 4
(D) केवल 1 और 3
(E) अनुत्तरित प्रश्न

4 'उसने कहा था' कहानी से संबंधित निम्न युग्मों पर विचार करें।

1. मैं पाधा बन गया हूँ: वजीरा सिंह
2. एक-एक अकालिया सिक्ख सवा लाख के बराबर होता है: लहना सिंह
3. जाड़ा क्या है, मौत है और 'निमोनिया' से मरने वालों को मुरब्बे नहीं मिला करते: वजीरा सिंह

उपर्युक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल एक युग्म
(B) केवल दो युग्म
(C) सभी तीनों युग्म
(D) इनमें से कोई भी युग्म नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

5 नीचे दो कथन दिए गए हैं, उन पर विचार कीजिए :

**कथन I :** भावात्मक निबंधों में लेखकगण भावावेश में आकर अपनी भावनाओं का एक तूफान–सा खड़ा कर देते हैं।

**कथन II :** भावात्मक निबंधों में लेखकों के हृदय से रस की एक धारा–सी उमड़ पड़ती है जो उनकी लेखनी से कागज पर ढल पड़ती है।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।

(C) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है।

(D) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

6 निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें :

1. मुग्ध–माधुरी : बालकृष्ण भट्ट
2. अद्भुत इंद्रजाल : महावीरप्रसाद द्विवेदी
3. संगीत : अध्यापक पूर्णसिंह

उपरोक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल एक युग्म

(B) केवल दो युग्म

(C) सभी तीनों युग्म

(D) इनमें से कोई युग्म नहीं

(E) अनुत्तरित प्रश्न

7 सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| a. | कवियों की उर्मिला विषयक उदासीनता | i. | भुजंग भूषण भट्टाचार्य |
| b. | कवित्व | ii. | लल्लीप्रसाद पाण्डेय |
| c. | कविता का दरबार | iii. | चतुर्भुज औदिच्य |
| d. | आपत्तियों का पहाड़ | iv. | केशव प्रसाद सिंह |

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(B) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

(C) a-iv, b-i, c-ii d-iii

(D) a-i, b-iv, c-iii, d-ii

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**8** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए।

| **सूची-I (पुस्तक)** | | **सूची-II (प्रकाशन वर्ष)** | |
|---|---|---|---|
| a. | आपहुदरी | i. | 1937 |
| b. | मेरी तिब्बत यात्रा | ii. | 1969 |
| c. | क्या भूलूँ क्या याद करूँ | iii. | 2010 |
| d. | मुर्दहिया | iv. | 2015 |

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) a-iv, b-ii, c-i, d-iii

(B) a-iv, b-i, c-iii, d-ii

(C) a-i, b-iv, c-ii d-iii

(D) a-iv, b-i, c-ii, d-iii

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**9** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए।

| **सूची-I (पुस्तक/रचना)** | | **सूची-II (लेखक)** | |
|---|---|---|---|
| a. | भोला राम का जीव | i. | अज्ञेय |
| b. | अरे यायावर रहेगा याद | ii. | राहुल सांकृत्यायन |
| c. | संस्कृति के चार अध्याय | iii. | हरिशंकर परसाई |
| d. | मेरी तिब्बत यात्रा | iv. | रामधारी सिंह दिनकर |

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

(B) a-iii, b-ii, c-iv, d-i

(C) a-iii, b-i, c-iv d-ii

(D) a-ii, b-i, c-iv, d-iii

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**10** 'एक कहानी यह भी' के आधार पर निम्न कथनों पर विचार करें :

1. श्यामानन्द जालान ने प्रतिभा अग्रवाल और कुछ और लोगों के सहयोग से 'अनामिका' नाट्य संस्था की स्थापना की।
2. 'यही सच है' कहानी के आधार पर 'रजनीगंधा' फिल्म बनी।
3. त्रिशंकु कहानी में सिद्ध किया गया है कि हमारी पीढ़ी (लेखिका की पीढ़ी) विचारों से परंपरावादी और व्यवहार में आधुनिक है।

उपरोक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल एक

(B) केवल दो

(C) सभी तीनों

(D) कोई नहीं

(E) अनुत्तरित प्रश्न

11 कानों में कंगना कहानी से संबंधित सही कथन को चुनिए।

1. नरेंद्र योगेश्वर संगीत की शिक्षा लेने के पश्चात एक जोड़ा पीताम्बर, दस स्वर्ण मुद्राएं तथा किरन के लिए दो कनक कंगन लेकर गया।
2. योगेश्वर का निवास हरिद्वार के पास एक सुंदर वन में था।
3. नरेंद्र अपने मित्र दयाराम के पास नाच देखने जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सत्य हैं?

(A) केवल एक
(B) केवल दो
(C) सभी तीनों
(D) कोई नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

12 अँधा युग नाटक से सम्बंधित सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए।

| सूची–I | | सूची–II | |
|---|---|---|---|
| a. | पहला अंक | i. | गांधारी का शाप |
| b. | दूसरा अंक | ii. | पशु का उदय |
| c. | चौथा अंक | iii. | कौरव नगरी |
| d. | पाँचवा अंक | iv. | विजयः एक क्रमिक आत्महत्या |

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) a-iii, b-ii, c-i, d-iv
(B) a-ii, b-iii, c-i, d-iv
(C) a-iii, b-i, c-ii, d-iv
(D) a-iii, b-ii, c-iv, d-i
(E) अनुत्तरित प्रश्न

13 आधे–अधूरे नाटक के संदर्भ में सत्य कथन है/हैं –

1. यह स्त्री–पुरुष के बीच के लगाव और तनाव का दस्तावेज है।
2. यह पारिवारिक विघटन की गाथा है।
3. इसमें मानवीय संतोष के अधूरेपन का रेखांकन है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल एक
(B) केवल दो
(C) सभी तीनों
(D) कोई नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

14 आगरा बाजार नाटक के संदर्भ में इन कथनों पर विचार करें :

1. बंजारनामा अंक एक में गाया गया है।
2. शहर आशोब अंक दो में गाया गया है।
3. पतंगवाला पतंग के लिए दोधारिया, पहाड़िया, लँगोटिया जैसे विशेषणों का प्रयोग करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल एक
(B) केवल दो
(C) सभी तीनों
(D) कोई नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

15 नीचे दो कथन दिए गए हैं, उन पर विचार कीजिए :

**कथन I :** उत्तर आधुनिकता वृद्ध पूँजीवाद है।

**कथन II :** इसमें विश्व बाजार से प्रभावित तीसरी दुनिया का उपभोक्तावादी चिंतन ज्यादा मुखर रहा है।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।

(C) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है।

(D) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

16 भाषा की उत्पत्ति के प्रमुख सिद्धांतों को उसके प्रवर्तकों के अनुसार सुमेलित कीजिये :

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| a. | संकेत सिद्धांत | i. | डॉ. राये |
| b. | इंगित सिद्धांत | ii. | जी रेवेज |
| c. | संपर्क सिद्धांत | iii. | हेनरी स्वीट |
| d. | समन्वय सिद्धांत | iv. | रूसो |

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) a-i, b-iv, c-iii, d-ii

(B) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(C) a-iii, b-ii, c-iv d-i

(D) a-iv, b-i, c-ii, d-iii

(E) अनुत्तरित प्रश्न

17 कविता एवं कवि सुमेलित कीजिए :

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| a. | इस यात्रा में | i. | वेणुगोपाल |
| b. | अपनी केवल धार | ii. | लीलाधर जगुडी |
| c. | हवाएं चुप नहीं रहती | iii. | आलोक धन्वा |
| d. | दुनिया रोज बनती है | iv. | अरुण कमल |

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

(B) a-ii, b-iv, c-i, d-iii

(C) a-iv, b-i, c-ii d-iii

(D) a-ii, b-i, c-iv, d-iii

(E) अनुत्तरित प्रश्न

18 निम्न युग्मों पर विचार करें :

1. रिचर्ड्स : संप्रेषण सिद्धांत
2. टी. एस. इलियट : परंपरा के महत्व को पुनःस्थापित करने वाले चिंतक
3. क्रोचे : कोपेनहेगन

उपरोक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल एक
(B) केवल दो
(C) तीनों सही हैं।
(D) कोई सही नहीं है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

19 रंगमंच के संबंध में निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें :

1. अंकास्य : निम्नश्रेणी के पात्रों द्वारा बीती हुई तथा आने वाली घटनाओं की सूचना।
2. विषकंभक : नेपथ्य से दी जाने वाली सूचना।
3. चूलिका : बीती तथा आने वाली घटनाओं की सूचना देने वाला।

उपरोक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल एक
(B) केवल दो
(C) तीनों सही हैं।
(D) सभी असत्य हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

20 निम्न युग्मों पर विचार करें :

1. छायावाद के अध्येता : नंददुलारे वाजपेयी
2. निराला के अध्येता : रामविलास शर्मा
3. तुलसी साहित्य के अध्येता : हजारी प्रसाद द्विवेदी

उपरोक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल एक
(B) केवल दो
(C) तीनों सही हैं।
(D) तीनों असत्य हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

21 निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें :

1. रस सिद्धांत; भरत मुनि
2. ध्वनि सिद्धांत; भामह
3. रीति सिद्धांत; आनंदवर्धन

उपरोक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल एक युग्म
(B) केवल दो युग्म
(C) सभी तीनों युग्म
(D) इनमें से कोई भी युग्म नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**22** निम्नलिखित हिन्दी नाटकों को उनके नाटककारों से मिलाइए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | अंधेर नगरी | i. | हबीब तनवीर |
| b. | आषाढ़ का एक दिन | ii. | मोहन राकेश |
| c. | अंधा युग | iii. | धर्मवीर भारती |
| d. | आगरा बाज़ार | iv. | भारतेन्दु हरिश्चंद्र |

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) a-iv, b-ii, c-iii, d-i

(B) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

(C) a-ii, b-iv, c-i, d-iii

(D) a-iii, b-i, c-iv, d-ii

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**23** निम्नलिखित हिन्दी निबंधों को उनके लेखकों से मिलाइए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | कविता क्या है | i. | हजारी प्रसाद द्विवेदी |
| b. | नाखून क्यों बढ़ते हैं | ii. | रामचन्द्र शुक्ल |
| c. | मेरे राम का मुकुट भीग रहा है | iii. | विद्यानिवास मिश्र |
| d. | मजदूरी और प्रेम | iv. | सरदार पूर्ण सिंह |

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

(B) a-i, b-ii, c-iv, d-iii

(C) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

(D) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**24** रीतिकाल के साहित्यिक लक्षणों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. रीतिकाल में शृंगार रस की प्रधानता थी, लेकिन वीर रस भी प्रचलित था।
2. बिहारी की सतसई में दोहों का प्रयोग हुआ, जो अलंकारों से समृद्ध है।
3. केशवदास ने रसिकप्रिया में काव्यशास्त्रीय नियमों का पालन नहीं किया।
4. रीति सिद्धांत का प्रभाव रीतिकाल के काव्य पर स्पष्ट है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं ?

(A) केवल 1 और 2

(B) केवल 2 और 3

(C) केवल 3 और 4

(D) केवल 1, 2 और 4

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**25** निम्नलिखित स्त्री पात्रों को सम्बद्ध नाटकों के साथ सुमेलित कीजिये :

| | सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|---|
| a. | उर्वी | i. | सूर्यमूख |
| b. | सुन्दरी | ii. | स्कन्दगुप्त |
| c. | वेनुरति | iii. | पहला राजा |
| d. | देवसेना | iv. | लहरों के राजहंस |

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) a-i, b-iii, c-iv, d-ii
(B) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(C) a-iii, b-iv, c-i, d-ii
(D) a-ii, b-iii, c-iv, d-i
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**26** सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें :

| | सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|---|
| a. | सहृदयों की प्रियता, धनार्जन | i. | दंडी |
| b. | रस की निष्पत्ति, चतुर्वर्ग फल की प्राप्ति | ii. | कुंतक |
| c. | कीर्ति व प्रीति | iii. | आनंदवर्धन |
| d. | लोक व्यवहार का ज्ञान, लोकोत्तर आनंद लाभ | iv. | भोज |

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) a-ii, b-iii, c-i, d-iv
(B) a-i, b-ii, c-iv, d-iii
(C) a-i, b-iii, c-iv, d-ii
(D) a-ii, b-iv, c-iii, d-i
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**27** निम्न तथ्यों की सत्यता पर विचार कीजिए :

1. निर्मल वर्मा कृत 'परिंदे' व 'कव्वे और कालापानी' पहाड़ी जीवन से संबंधित है।
2. कोसी का घटवार कहानी फ्लैश बैक (पूर्वदीप्ति) शैली पर आधारित है।
3. कोसी का घटवार कहानी में आए 'काला चरेउ' शब्द का संबंध 'सुहाग चिह्न' है।

उपरोक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं ?

(A) केवल एक
(B) केवल दो
(C) तीनों सही
(D) कोई सही नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

805013

28 निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें :

1. पुष्पांजलि : माधवप्रसाद मिश्र
2. कन्यादान : बालमुकुन्द गुप्त
3. अनुप्रास का अन्वेषण : मन्नन द्विवेदी

उपरोक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल एक युग्म
(B) केवल दो युग्म
(C) सभी तीनों युग्म
(D) इनमें से कोई युग्म नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

29 सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए।

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| a. | कुरूपता | i. | माधवप्रसाद मिश्र |
| b. | सच्ची वीरता | ii. | महावीरप्रसाद द्विवेदी |
| c. | क्षमा | iii. | बाबू गुलाब राय |
| d. | आर्य समाज का कोप | iv. | अध्यापक पूर्णसिंह |

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(B) a-i, b-iv, c-iii, d-ii
(C) a-ii, b-i, c-iii d-iv
(D) a-iii, b-iv, c-i, d-ii
(E) अनुत्तरित प्रश्न

30 नीचे दो कथन दिए गए हैं, उन पर विचार कीजिए :

**कथन I :** जनता समूह है – वह अज्ञ है, अन्धकार–ग्रस्त है, यह जल्दी ही भीड़ बन जाती है। उसका साथ मत दो।

**कथन II :** जबतक समाज पर धन का शासन रहेगा तबतक यह चारित्रिक संकट, अधिक से अधिक असन्तोष और अव्यवस्था उत्पन्न करने के अतिरिक्त मानवमूल्यों को हानि के साथ ही, लाभ–लोभ से प्रेरित 'समझदारी' को प्रधानता देता जायेगा, आदमी ज्यादा दुच्चा और ओछा होता चला जायेगा।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**31** नीचे दो कथन दिए गए हैं, उन पर विचार कीजिए :

**कथन I :** "हमने एक दूसरा उपाय सोचा है एडूकेशन की एक सेना बनायी जाय। कमेटी की फौज। अखबारों के शस्त्र और स्पीचों के गोले मारे जाएं। आप लोक क्या कहते हैं?" भारत-दुर्दशा के पांचवें अंक में एडिटर के द्वारा यह कथन कहा जाता है।

**कथन II :** भारत-दुर्दशा के छठे अंक में भारतभाग्य द्वारा 'जागो जागो रे भाई' चैती गौरी राम में गाया गया है।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।

(C) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है।

(D) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**32** निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें : (नाटक : नाटककार)

1. सिंदूर की होली : लक्ष्मीनारायण मिश्र
2. अंजो दीदी : नरेंद्र मोहन
3. आधे अधूरे : राकेश मोहन

उपरोक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल एक युग्म

(B) केवल दो युग्म

(C) सभी तीनों युग्म

(D) इनमें से कोई युग्म नहीं

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**33** निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें :

| | | |
|---|---|---|
| 1. छायावाद | : | जयशंकर प्रसाद |
| 2. प्रगतिवाद | : | सूर्यकांत त्रिपाठी निराला |
| 3. प्रयोगवाद | : | अजेय |

उपरोक्त युग्मों में कितने सही सुमेलित हैं?

(A) कोई एक युग्म

(B) कोई दो युग्म

(C) सभी तीनों युग्म

(D) इनमें से कोई नहीं

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**34** निम्न में किस नाटक में 'नट गायन' हुआ है?

1. आधे अधूरे
2. अंजो दीदी
3. बकरी
4. अंधेर नगरी

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(A) केवल 1 और 2

(B) केवल 2 और 3

(C) केवल 3

(D) केवल 1, 2 और 4

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**35** भक्तिकाल के कवियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. कबीर ने निर्गुण और सगुण दोनों भक्ति परंपराओं को प्रभावित किया।
2. सूरदास की रचनाओं में वात्सल्य और शृंगार रस की प्रधानता है।
3. तुलसीदास ने रामचरितमानस में अवधी के साथ संस्कृत का मिश्रण किया।
4. मीराबाई की कविता में रहस्यवाद और व्यक्तिवाद दोनों झलकते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 3 और 4
(D) केवल 2, 3 और 4
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**36** निम्नलिखित हिन्दी उपन्यासों को उनके लेखकों से मिलाइए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | गोदान | i. | फणीश्वर नाथ रेणु |
| b. | मैला आंचल | ii. | प्रेमचंद |
| c. | शेखरः एक जीवनी | iii. | अमृतलाल नागर |
| d. | मानस का हंस | iv. | अज्ञेय |

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) a-ii, b-i, c-iv, d-iii
(B) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(C) a-ii, b-iii, c-i, d-iv
(D) a-iv, b-i, c-ii, d-iii
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**37** निम्नलिखित हिन्दी कहानियों को उनके लेखकों से मिलाइए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | ईदगाह | i. | चंद्रधर शर्मा गुलेरी |
| b. | उसने कहा था | ii. | प्रेमचंद |
| c. | आकाशदीप | iii. | जयशंकर प्रसाद |
| d. | कोसी का घटवार | iv. | शेखर जोशी |

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) a-ii, b-i, c-iii, d-iv
(B) a-i, b-ii, c-iv, d-iii
(C) a-iii, b-iv, c-i, d-ii
(D) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(E) अनुत्तरित प्रश्न

38 नीचे दो कथन दिए गए हैं, उन पर विचार कीजिए :

**कथन I :** काव्य श्रवण या नाट्य दर्शन से आविर्भूत रस आनंद का ही पर्याय होता है।

**कथन II :** क्योंकि पश्चिमी शास्त्रों में रस को ब्रह्मानंद का समानार्थी कहा गया है।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।

(C) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है।

(D) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

39 नीचे दो कथन दिए गए हैं, उन पर विचार कीजिए :

**कथन I :** भाषा ही एकमात्र साधन है जो अन्य पशुओं से मनुष्य को पृथक करती है।

**कथन II :** क्योंकि भाषा केवल मनुष्य की अर्जित सम्पत्ति है।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।

(C) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है।

(D) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

40 नीचे दो कथन दिए गए हैं, उन पर विचार कीजिए :

**कथन I :** हिंदी काव्य क्षेत्र में कवि और आचार्य एकीकरण का प्रभाव अच्छा नहीं रहा।

**कथन II :** क्योंकि आचार्यत्व के लिए जिस सूक्ष्म पर्यालोचन शक्ति की अपेक्षा होती है, उसका विकास नहीं हो पाया।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।

(C) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है।

(D) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

41 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. लार्ड कर्जन की भारत-विरोधी नीति से गुप्त जी अत्यन्त क्षुब्ध थे।

2. उस क्षोभ को व्यक्त करने के लिए व्यंग्य प्रभावी तरीका था।

3. गुप्त जी के चिट्ठों की विशेषता लम्बे वाक्य और तत्सम शब्दों का प्रयोग है।

4. बालमुकुन्द गुप्त ने शिवशंभु गुप्त के नाम से ये पत्र लिखे थे।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(A) केवल 1 और 2

(B) केवल 2 और 3

(C) केवल 3 और 4

(D) केवल 1, 2 और 4

(E) अनुत्तरित प्रश्न

42 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. निबंध आत्मपरक है, जबकि लेख को वस्तुपरक होना होता है।

2. निबंध दीर्घकालिक होते हैं, जबकि लेख प्रायः तात्कालिक होते हैं।

3. निबंध में लेख जैसी सूचनापरकता आवश्यक नहीं होती।

उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?

(A) केवल एक

(B) केवल दो

(C) सभी तीनों

(D) इनमें से कोई भी नहीं

(E) अनुत्तरित प्रश्न

43 नीचे दो कथन दिए गए हैं, उन पर विचार कीजिए :

**कथन I :** आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने लिखा है कि भारतेन्दु ने उस साहित्य को दूसरी ओर मोड़कर जीवन के साथ फिर से लगा दिया।

**कथन II :** साहित्य में देश और समाज की नयी रूचि और भावना का प्रतिबिंबन तो हो ही रहा था भारतेन्दु ने उसमें भक्ति का भी समावेश किया।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।

(C) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है।

(D) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

44 निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें : (लेखक : जन्मवर्ष)

1. रामवृक्ष बेनीपुरी : 1897

2. तुलसी राम : 1949

3. कृष्नचन्दर : 1914

उपरोक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल एक युग्म

(B) केवल दो युग्म

(C) सभी तीनों युग्म

(D) इनमें से कोई भी युग्म नहीं

(E) अनुत्तरित प्रश्न

45 निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें :

1. आपहुदरी : जीवनी

2. माटी की मूरतें : जीवनी

3. जामुन का पेड़ : उपन्यास

उपरोक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल एक युग्म

(B) केवल दो युग्म

(C) सभी तीनों युग्म

(D) इनमें से कोई भी युग्म नहीं

(E) अनुत्तरित प्रश्न

46 हरिवंश राय बच्चन के आत्मकथा के सन्दर्भ में निम्नलिखित खण्डों पर विचार कीजिए।

1. क्या भूलूँ क्या याद करूँ

2. नीड़ का निर्माण फिर

3. सबेरे से दूर

4. दशद्वार से सोपान तक

उपर्युक्त में से कौन–से खण्ड सत्य हैं?

(A) केवल 1 और 2

(B) केवल 2 और 3

(C) केवल 3 और 4

(D) केवल 1, 2 और 4

(E) अनुत्तरित प्रश्न

47 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. प्रगतिवाद सामाजिक यथार्थ पर केंद्रित है।
2. नागार्जुन प्रगतिवाद के कवि हैं।
3. प्रगतिवाद में व्यक्तिवाद पर जोर है।

प्रगतिवाद के संबंध में कितने कथन सत्य हैं?

(A) केवल एक
(B) केवल दो
(C) सभी तीनों
(D) इनमें से कोई नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

48 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. रहस्यवाद का संबंध निर्गुण निराकार रूप से है।
2. जीवात्मा जब परमात्मा से संबंध जोड़ती है तो वह भावनात्मक हो जाती है।
3. कबीर रहस्यवादी कवि नहीं हैं।

रहस्यवाद के संबंध में कितने कथन असत्य हैं?

(A) केवल एक
(B) केवल दो
(C) सभी तीनों
(D) इनमें से कोई नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

49 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. प्रयोगवाद में नवीन छंदों का प्रयोग हुआ।
2. अज्ञेय प्रयोगवाद के कवि हैं।
3. नई कविता छायावाद का हिस्सा है।
4. मुक्तिबोध प्रगतिवाद के कवि हैं।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 3 और 4
(D) केवल 1, 2 और 4
(E) अनुत्तरित प्रश्न

50 आधुनिक काल के काव्य में छायावाद के प्रभाव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. जयशंकर प्रसाद ने कामायनी में भारतीय मिथकों और मनोविज्ञान का समन्वय किया।
2. सुमित्रानंदन पंत की परिवर्तन में वेदांत और बौद्ध दर्शन का प्रभाव है।
3. महादेवी वर्मा की कविता में निर्गुण भक्ति का प्रभाव प्रमुख है।
4. निराला ने राम की शक्तिपूजा में वीर रस को छायावादी शैली में प्रस्तुत किया।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 3 और 4
(D) केवल 1, 2 और 4
(E) अनुत्तरित प्रश्न



805013

51 प्लेटो के संबंध में निम्न तथ्यों पर विचार कीजिए :

1. प्लेटो संगीत को बड़ा महत्व देते थे। उन्होंने लय को नियमित गति माना है, क्योंकि वह किसी सिद्धांत पर आधारित होती है।

2. प्लेटो के अनुसार जब हम दुखी और शोकग्रस्त होते हैं। तब हम रोते हैं। उस समय जो सांत्वना देता है। हम उनका स्वागत करते हैं। दुख और शोक का शमन करना, मानव के सुख शांति देने वाला तथा सत्यकार्य में प्रवृत्त करना ही काव्य होता है। इसी प्रकार कविता भी शोक की वासनाओं का शमन करती है।

3. प्लेटो के अनुसार कवि या कलाकार जिसका चित्रण करता है, उसका सही वास्तविक ज्ञान हो आवश्यक नहीं।

उपरोक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल एक

(B) केवल दो

(C) तीनों सही

(D) कोई सही नहीं

(E) अनुत्तरित प्रश्न

52 निम्न के संबंध में विचार कीजिए :

1. "पैरों के नीचे जलधर हो, बिजली से उनका खेल चले संकीर्ण कगारों के नीचे शत–शत झरने बेमेल चले" उक्त पंक्तियां 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक में ध्रुवस्वामिनी द्वारा कही गई हैं।

2. "जब म्रग फिराकर चाबुक को यह बैल बदन का हांकेगा" पंक्तियां रामधारी सिंह दिनकर की हैं।

3. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना कृत "बकरी" नाटक का मंचन अबतक हिंदी की बोलियों में नहीं हो सका है।

उपरोक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल एक

(B) केवल दो

(C) तीनों सही हैं।

(D) तीनों असत्य हैं।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

53 पुस्तकों के प्रकाशन वर्ष के संबंध में सही तथ्यों का चयन कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आचार्य रामचंद्र शुक्ल काव्य दर्शन | : 1987 |
| 2. | दिनकर एक सहज पुरुष | : 1981 |
| 3. | जिन्होंने जीना जाना | : 1976 |

उपरोक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल एक

(B) केवल दो

(C) तीनों सही हैं।

(D) तीनों असत्य हैं।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

805013

54 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारतीय नवजागरण के उत्थान में औपनिवेशिक आधुनिकता का कोई योगदान नहीं था।
2. भक्ति आंदोलन और देशज आधुनिकता दोनों दूर की कौड़ी हैं।
3. देशज आधुनिकता का पहला उभार भारत के पश्चिम के साथ संपर्क के बाद आया।

उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल एक
(B) केवल दो
(C) सभी तीनों
(D) कोई नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

55 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. रामविलास शर्मा नवजागरण के मामले में 1857 का खूँटा गाड़कर बैठ गये हैं।
2. रामविलास जी ने भारतीय नवजागरण के विविध चरणों से बौद्ध क्रांति और दलित–पिछड़े नायकों को दरकिनार किया है।
3. रामविलास शर्मा आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की इतिहास दृष्टि के कटु आलोचक थे।

उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल एक
(B) केवल दो
(C) सभी तीनों
(D) कोई नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

56 निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | संपत्तिशास्त्र | : महावीर प्रसाद द्विवेदी |
| 2. | कुजात गांधीवाद | : राममनोहर लोहिया |
| 3. | अस्तित्ववाद | : जॉक देरिदा |

उपर्युक्त युग्मों में कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल एक युग्म
(B) केवल दो युग्म
(C) सभी तीनों युग्म
(D) कोई युग्म नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

57 निम्नलिखित कथनों में से सही कथन चुनिए :

1. ग्रियर्सन अयोध्या प्रसाद खत्री के खड़ी बोली आंदोलन का विरोध कर रहे थे।
2. फ्रेडरिक पिन्काट खत्री जी के कार्य के प्रशंसक थे।
3. हिंदी–उर्दू विवाद में तॉसी हिंदी–उर्दू एकता के पक्ष में था, जिसकी प्रशंसा आचार्य शुक्ल ने अपने हिंदी साहित्य के इतिहास में की है।
4. प्रतापनारायण मिश्रा और राधाचरण गोस्वामी जैसे लेखकों ने भी उर्दू के डर से खत्री जी के खड़ी बोली आंदोलन का विरोध किया।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन–से कथन सही हैं?

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 3 और 4
(D) केवल 1, 2 और 4
(E) अनुत्तरित प्रश्न

58 रागदरबारी उपन्यास से संबंधित कथनों पर विचार करें :

1. बदमाशों के खिलाफ गवाही देने की हमारे उधर किसी की हिम्मत नहीं पड़ती। मैं बेधड़क आदमी हूँ और गुंडागर्दी के खिलाफ हूँ। इसलिए जो देखता हूँ, खुलेआम कहने में हिचकता नहीं हूँ।
2. वर्तमान शिक्षा पद्धति रास्ते में पड़ी कुतिया है जिसे कोई भी लात मार सकता है।
3. मैं चाहता हूँ कि हमारी जीवन हमारे सिद्धांतों के अनुकूल हो। .....मुझमें और आपमें अंतर इतना ही है कि मैं जो कुछ मानता हूँ, उस पर चलता हूँ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) केवल 1 और 2
(D) केवल 2 और 3
(E) अनुत्तरित प्रश्न

59 निम्न कथनों पर विचार करें :

1. रत्नावली ने रामायण का परायण गंगाराम के घर पर किया।
2. विक्रमपुर के राजा भगत रत्नावली को साथ लाए थे।
3. रत्नावली वाक्पटु स्त्री थी।

उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल एक
(B) केवल दो
(C) सभी तीनों
(D) कोई कथन सत्य नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

60 निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें :

1. पुनर्नवा : 1963
2. चारुचन्द्रलेख : 1973
3. अनामदास का पोथा : 1975

उपर्युक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल एक युग्म
(B) केवल दो युग्म
(C) सभी तीन युग्म
(D) इनमें से कोई भी युग्म नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

61 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. कालीचरण कहता है जाति बहुत बड़ी चीज है।
2. जुलूस में रथी को कंदा खेलावन देता है।
3. कायस्थ टोली को मेरीगंज के लोग मालिक टोला कहते हैं।
4. यादव टोला को गुअर टोली कहा जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 3 और 4
(D) केवल 2, 3 और 4
(E) अनुत्तरित प्रश्न

62 निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें :

1. मेरी : परिंदे
2. किशन सिंह : राजा निरबंसिया
3. महा भकुआ : कोशी का घटवार

उपर्युक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल एक युग्म
(B) केवल दो युग्म
(C) सभी तीनों युग्म
(D) इनमें से कोई भी युग्म नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

63 नीचे दो कथन दिए गए हैं, उन पर विचार कीजिए :

**कथन I** : इतना जल! इतनी शीतलता! हृदय की प्यास न बुझी। पी सकूंगी? नहीं! तो जैसे वेला से चोट खाकर सिंधु चिल्ला उठता है, उसी के समान रोदन करूं या जलते हुए स्वर्ण गोलक सदृश अनन्त जल में डूबकर बुझ जाऊं ? – चंपा

**कथन II** : मेरे लिए सब मिट्टी है, सब जल तरल है, सब पवन शीतल है।... सब मिलाकर मेरे लिए एक शून्य है – बुद्धगुप्त

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

64 कानों में कंगना से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –

**कथन I** : कंकड़ी जल में जाकर कोई स्थायी विवर नहीं फोड़ सकती।

**कथन II** : त्रिशंकु ने स्वर्ग को जाते–जाते बीच में ही टंगकर किस दुःख को उठाया – और मैं तो अपने स्वर्ग के दरवाजे पर सर रखकर निराश लौटा था – मेरी वेदना क्यों न बड़ी हो।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

65 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. पुहकर कवि जिला मैनपुरी के रहने वाले थे।
2. बनारसीदास का जन्म बनारस में हुआ था।
3. मदनाष्टक रचना रसखान की है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?

(A) केवल एक
(B) केवल दो
(C) सभी तीनों
(D) इनमें से कोई कथन सत्य नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

66 नीचे दो कथन दिए गए हैं, उन पर विचार कीजिए :

**कथन I** : मुक्तिबोध का कामायनी संबंधी अध्ययन फूहड़ मार्क्सवाद का नमूना है।

**कथन II** : कुछ लोग उसमें शैवागम ढूंढते हैं तो मुक्तिबोध वर्गसंघर्ष, पूंजीवादी व्यक्तिवाद, वर्गहीन समाज की यूटोपिया।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

67 निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें :

1. ज्योत्सना : पन्त
2. अनघ : मैथिलीशरण गुप्त
3. मत्स्यगन्धा : गोविन्दवल्लभ पन्त

उपरोक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल एक युग्म
(B) केवल दो युग्म
(C) सभी तीन युग्म
(D) इनमें से कोई भी युग्म नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

68 सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए।

| | सूची–I | | सूची–II |
|---|---|---|---|
| a. | सुनीता | i. | जैनेन्द्र |
| b. | कचनार | ii. | वृन्दावन लाल वर्मा |
| c. | तितली | iii. | प्रसाद |
| d. | दिल्ली का दलाल | iv. | पाण्डेय बेचन शर्मा उग्र |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(B) a-i, b-iii, c-ii, d-iv
(C) a-iv, b-i, c-ii, d-iii
(D) a-i, b-iv, c-iii, d-ii
(E) अनुत्तरित प्रश्न

69 पाश्चात्य काव्यशास्त्र से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उत्तर आधुनिकता महावृत्तांतों की रचना करती है।
2. नयी समीक्षा 'कृति केन्द्रित' आलोचना पद्धति है।
3. साहित्य का समाजशास्त्र पाठकीय प्रतिक्रिया को बहुत महत्व देता है।
4. आधुनिकता सहजानुभूति (Intuition) पर आधृत है।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 3 और 4
(D) केवल 1, 2 और 4
(E) अनुत्तरित प्रश्न

70 नीचे दो कथन दिए गए हैं, उन पर विचार कीजिए :

**कथन I** : आचार्य वामन ने काव्य हेतुओं में व्युत्पत्ति को प्रधान स्थान दिया जबकि प्रतिभा को प्रकीर्ण में रखा।

**कथन II** : मंगल नामक आचार्य ने अभ्यास को ही प्रमुख काव्य हेतु माना।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

71 सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए। इनमें क्रमशः विचारक तथा उनकी किताबों के नाम दिए गए हैं।

| सूची I | | सूची II | |
|---|---|---|---|
| a. | मिखाइल बाकुनिन | i. | रिफार्म आर रिवोल्यूशन |
| b. | रोजा लक्जेमबर्ग | ii. | न्यूज़ पेपर्स एण्ड द वर्कर्स |
| c. | एण्टोनियो ग्राम्शी | iii. | इण्ड आफ डिस्कोर्स |
| d. | जार्ज लुकाच | iv. | स्टैटिज्म एण्ड एनार्की |

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) a-iii, b-i, c-iv, d-ii
(B) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(C) a-i, b-ii, c-iv, d-iii
(D) a-iv, b-i, c-ii, d-iii
(E) अनुत्तरित प्रश्न

72 नीचे दो कथन दिए गए हैं, उन पर विचार कीजिए :

कथन I : भाषा यादृच्छिक ध्वनि प्रतीकों की संरचनात्मक व्यवस्था है।

कथन II : अर्थात इस व्यवस्था की अपनी विशेष प्रकार की संरचना होती है।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।

(C) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है।

(D) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

73 निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें :

1. दरद : संस्कृत शब्द

2. तौलिया : पुर्तगाली शब्द

3. कैंची : फ़ारसी शब्द

उपरोक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल एक युग्म

(B) केवल दो युग्म

(C) सभी तीन युग्म

(D) इनमें से कोई भी युग्म नहीं

(E) अनुत्तरित प्रश्न

74 निम्नलिखित साहित्यिक अवधारणाओं को उनकी परिभाषाओं से मिलाइए :

a. रस : i. काव्य में अलंकारिक या सजावटी तत्व

b. अलंकार : ii. काव्य में सुझावात्मक अर्थ

c. ध्वनि : iii. भावनात्मक अनुभव का सौंदर्य

d. रीति : iv. काव्य रचना की शैली

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) a-iii, b-i, c-ii, d-iv

(B) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(C) a-iv, b-i, c-iii, d-ii

(D) a-i, b-iv, c-ii, d-iii

(E) अनुत्तरित प्रश्न

75 झूठा सच उपन्यास के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. यह उपन्यास दो खंडों में विभाजित है।
2. कथा की धरी जयदेव पुरी एवं उसकी बहन तारा के इर्द-गिर्द घूमती है।
3. इसमें 1942 से 1957 ईस्वी तक का भारत अपनी समग्रता में समाहित हो गया है।
4. रामचन्द्र तिवारी के अनुसार उपन्यास में राजनीतिक प्रश्नों का विवेचन बड़ी ही गहराई से किया गया है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं ?

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 3 और 4
(D) केवल 1, 2 और 4
(E) अनुत्तरित प्रश्न

76 'देवरानी जेठानी की कहानी' रचना के पात्र हैं –

1. रामप्रसाद
2. मोहन
3. बैजनाथ
4. कन्हैया

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 3 और 4
(C) केवल 2, 3 और 4
(D) केवल 1, 2 और 4
(E) अनुत्तरित प्रश्न

77 नीचे दो कथन दिए गए हैं, उन पर विचार कीजिए :

**कथन I** : 'गोदान' में वे गाँधीवाद से मुक्त हैं। मार्क्सवाद से भी उनका सरोकार नहीं है। न तो उन्हें गाँधीवादी यूटोपिया में विश्वास रह गया है और न बलगेरिया और रूस से आनेवाले पत्रों में छपी किसानों की खुशहाल जिंदगी की खबरों में।

**कथन II** : श्रीनिवासदास ने 'परीक्षागुरु' नाम का एक शिक्षाप्रद उपन्यास भी लिखा। वे खड़ी बोली के बोलचाल के शब्द और मुहावरे अच्छे लाते थे।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

78 निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

1. ध्यानमंजरी : स्वामी अग्रदास
2. अष्टयाम : नाभादास
3. हनुमच्चरित्र : रायमल्ल पांडे

उपर्युक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल एक युग्म
(B) केवल दो युग्म
(C) सभी तीन युग्म
(D) इनमें से कोई भी युग्म नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

79 सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए।

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| a. | दशरथ विलाप | i. | रामचरित उपाध्याय |
| b. | विचित्र विवाह | ii. | गयाप्रसाद शुक्ल 'स्नेही' |
| c. | कृषक क्रंदन | iii. | लाला भगवानदीन |
| d. | वीर क्षत्राणी | iv. | भारतेन्दु |

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(B) a-i, b-iii, c-ii, d-iv
(C) a-iv, b-i, c-ii, d-iii
(D) a-i, b-iv, c-iii, d-ii
(E) अनुत्तरित प्रश्न

80 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. ब्रजभाषा कवियों में किसी ने लाक्षणिक साहस दिखाया तो घनानंद ने।
2. प्रसाद की रहस्यवादी रचनाओं को देख कहें कि इनकी प्रणयानुभूति ससीम पर से कूदकर असीम पर जा रही।
3. 'गुंजन' में पंत जी की काव्यशैली कम संगत और कम गंभीर हो गई है।
4. 'तुलसीदास' अधिकांश अंतर्मुख प्रबंध के रूप में है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य है?

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 3 और 4
(D) केवल 1, 2 और 4
(E) अनुत्तरित प्रश्न

81 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. दिनकर की पहली रचना 'प्रणभंग' है।
2. 'त्रिधारा' नामक काव्य-संग्रह में शुभद्राकुमारी चौहान की कविताएं हैं।
3. ठाकुर गुरूभक्त सिंह का संग्रह 'कुसुमकुंज' है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल एक
(B) केवल दो
(C) सभी तीनों
(D) कोई नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

805013

82 सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए। सूची–I में काव्यशास्त्रीय सिद्धांत तथा सूची–II में उसके विरोधी आचार्य का नाम है।

| सूची–I | | सूची–II | |
|---|---|---|---|
| a. | रस | i. | महिम भट्ट |
| b. | अलंकार | ii. | मम्मट |
| c. | ध्वनि | iii. | भट्ट नायक |
| d. | व्यंजना शब्दशक्ति | iv. | भामह |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) a-iv, b-i, c-iii, d-ii
(B) a-iv, b-ii, c-i, d-iii
(C) a-i, b-iii, c-iv, d-ii
(D) a-iii, b-i, c-iv, d-ii
(E) अनुत्तरित प्रश्न

83 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. एलियट स्वच्छंदतावादियों और प्रभाववादियों दोनों का समर्थन करता है।
2. एलियट ने आलोचना को काव्य कार्यशाला (Poetry-Workshop) के उत्पाद (Byproduct) के रूप में देखा।
3. एलियट ईसाई धर्म से बहुत प्रभावित था और अपने आरंभिक दिनों में उसने समकालीन लेखकों की धर्म विमुखता की तीखी आलोचना की थी।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल एक
(B) केवल दो
(C) सभी तीनों
(D) कोई नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

84 निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | केन्यन रिव्यू | : | नयी समीक्षा |
| 2. | हाऊ टू रीड ए पेज | : | आई.ए. रिचर्ड्स |
| 3. | कल्चर एण्ड एनार्की | : | उत्तर संरचनावाद |

उपरोक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल एक युग्म
(B) केवल दो युग्म
(C) सभी तीनों युग्म
(D) कोई युग्म नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

85 निम्नलिखित कथनों में से सही कथन चुनिए :

1. आचार्य जगन्नाथ को 'पण्डितराज' की उपाधि शाहजहां के दरबार में प्राप्त हुई।
2. अप्पयदीक्षित काशी के अलंकारवादी आचार्य हैं।
3. रससूत्र में भरतमुनि ने विभावादि के साथ स्थायी भावों का स्पष्ट नियोजन किया है।
4. भामह ने अलंकार और अलंकार्य में स्पष्ट भेद किया है।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 3 और 4
(D) केवल 1, 2 और 4
(E) अनुत्तरित प्रश्न

86 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. रस का स्थायी भाव साधारणीकरण से उत्पन्न होता है।
2. ध्वनि सिद्धांत में व्यंजना पर जोर है।
3. अलंकार सिद्धांत आनंदवर्धन का है।
4. रीति सिद्धांत शृंगार रस पर केंद्रित है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 3 और 4
(D) केवल 1, 2 और 4
(E) अनुत्तरित प्रश्न

87 सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए।

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| a. | अफ्रीका खंड | i. | सूडान |
| b. | यूरेशिया खंड | ii. | चीनी |
| c. | अमरीका खंड | iii. | अमरीकी परिवार |
| d. | प्रशांत महासागरीय खंड | iv. | मलय-पालनेशियन परिवार |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(B) a-i, b-iii, c-ii, d-iv
(C) a-iv, b-i, c-ii, d-iii
(D) a-i, b-iv, c-iii, d-ii
(E) अनुत्तरित प्रश्न

88 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. शंकर ने केवल निरुपादि निर्गुण ब्रह्म की ही पारमार्थिक सत्ता स्वीकार की थी।
2. प्रेम साधना में वल्लभ ने लोक मर्यादा और वेद मर्यादा दोनों का त्याग विधेय ठहराया।
3. 1520 में सूरदास ने साहित्य लहरी की रचना की।
4. चौरासी वैष्णवों की वार्ता की रचना गोकुलनाथ ने की।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 3 और 4
(D) केवल 1, 2 और 4
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**89** नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए :

कथन I : अंबेडकर ने माना कि परस्पर घृणा आधारित समाज व्यवस्था भारतीय राष्ट्रवाद की सबसे बड़ी बाधा है।

कथन II : गाँधी और तिलक एक ही तरह के हिन्दूवादी राष्ट्रवाद के हामी थे।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।

(C) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है।

(D) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**90** निम्नलिखित कथनों में से सही कथन चुनिए :

1. हिंदी नवजागरण में स्त्री विषयक प्रश्नों को लेकर भारतेन्दु बाबू एक दुचित्तेपन के शिकार थे।
2. हिंदी नवजागरण में राधाचरण गोस्वामी ने स्त्री मुद्दों को बेहद सशक्त और दो-टूक ढंग से उठाया।
3. काशीनाथ खत्री उन्नीसवीं सदी के महान लेखक और स्त्री हितैषी थे।
4. नवजागरण के प्रसिद्ध लेखक बाबू नवीन चन्द्र रॉय ने 'सीमंतिनी उपदेश' की लेखिका का नाम उपेक्षापूर्वक लिया है।

उपरोक्त दिए गए कथनों में से सही कथन हैं :

(A) केवल 1 और 2

(B) केवल 2 और 3

(C) केवल 3 और 4

(D) केवल 1, 2 और 4

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**91** नीचे दो कथन दिए गए हैं, उन पर विचार कीजिए :

कथन I : ब्रज या मध्यदेश की भाषा का आश्रय लेकर एक सामान्य साहित्यिक भाषी भी स्वीकृत हो चुकी थी, जो चारणों में पिंगल भाषा के नाम से पुकारी जाती थी।

कथन II : अपभ्रंश के योग से शुद्ध राजस्थानी भाषा का जो साहित्यिक रूप था वह 'पिंगल' कहलाता था।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।

(C) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है।

(D) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

92 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. विष्णु प्रभाकर को डॉ. नाटक की रचना से विशेष ख्याति प्राप्त हुई थी।
2. विष्णु प्रभाकर जी संस्कारतः मानवतावादी रचनाकार हैं।
3. वसीयत नाटक अमृतलाल नागर का है।
4. कर्फ़्यू मध्यकालीन बोध का नाटक है।

उपर्युक्त में से कौन–से कथन सत्य हैं?

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 3 और 4
(D) केवल 1, 2 और 4
(E) अनुत्तरित प्रश्न

93 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. अल्मा कबूतरी उपन्यास में कबूतरा एक जनजाति है।
2. नमिता पांडे छिन्नमस्ता उपन्यास की स्त्री पात्र है।
3. वर्षा वशिष्ठ नीला चांद की पात्र है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?

(A) केवल एक
(B) केवल दो
(C) सभी तीनों
(D) इनमें से कोई कथन सत्य नहीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

94 सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए :

| सूची–I | | सूची–II | |
|---|---|---|---|
| a. | तद्रूपतानुसंधान | i. | भट्टलोल्लट |
| b. | निविड़निजमोहसंकटता | ii. | भट्ट नायक |
| c. | निर्विघ्नसंविद्विश्रांति | iii. | धनंजय–धनिक |
| d. | परित्यक्त विशेष | iv. | अभिनवगुप्त |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) a-ii, b-i, c-iv, d-iii
(B) a-iv, b-ii, c-i, d-iii
(C) a-ii, b-i, c-iii, d-iv
(D) a-i, b-ii, c-iv, d-iii
(E) अनुत्तरित प्रश्न

95 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. रचना की दृष्टि से संस्कृत, पालि, प्राकृत आदि की भाषा योगात्मक थी।

2. मध्यकालीन आर्यभाषाओं में ही द्विवचन समाप्त हो गया था।

3. आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं में प्राकृत और पालि प्रमुख हैं।

4. उर्दू, वस्तुतः भाषा वैज्ञानिक स्तर पर हिन्दी की ही अरबी-फ़ारसी से प्रभावित एक शैली है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(A) केवल 1 और 2

(B) केवल 2 और 3

(C) केवल 3 और 4

(D) केवल 1, 2 और 4

(E) अनुत्तरित प्रश्न

96 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. अपभ्रंश शब्द का प्राचीनतम प्रामाणिक प्रयोग पतंजलि के 'महाभाष्य' में मिलता है।

2. तृतीय प्राकृत में संस्कृत भाषा आती है।

3. 'आभीर' शब्द हिन्दी का रूप है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?

(A) केवल एक

(B) केवल दो

(C) सभी तीनों

(D) इनमें से कोई नहीं

(E) अनुत्तरित प्रश्न

97 नीचे दो कथन दिए गए हैं, उन पर विचार कीजिए :

**कथन I** : बोलियों के बनने का कारण प्रमुखतः भौगोलिक है।

**कथन II** : साहित्य की श्रेष्ठता के कारण भी कुछ बोलियां महत्वपूर्ण हो जाती हैं।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।

(C) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है।

(D) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

98 नीचे दो कथन दिए गए हैं, उन पर विचार कीजिए :

कथन I : कृष्णभक्त अधिकांश कवि फुटकल श्रृंगारी पदों की रचना में ही लगे रहे।

कथन II : उनकी रचनाओं में इसी कारण जीवन के अनेक गंभीर पक्षों के मार्मिक रूप स्फुरित हुए।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।

(C) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है।

(D) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

99 निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें :

1. भावै कहौ सूधी भावै कहौ फारसी : टोडरमल
2. बासर की संपति उलूक ज्यों न चितवत : केशवदास
3. जापर विपदा परति है सो आवत यहि देश : रहीम

उपर्युक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल एक युग्म

(B) केवल दो युग्म

(C) सभी तीन युग्म

(D) इनमें से कोई भी युग्म नहीं

(E) अनुत्तरित प्रश्न

100 सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए।

| सूची I | | सूची II | |
|---|---|---|---|
| a. | ज्ञानदीप | i. | शेख नबी |
| b. | अनेकार्थमंजरी | ii. | नंददास |
| c. | भक्तिप्रताप | iii. | चतुर्भुजदास |
| d. | युगलशतक | iv. | श्रीभट्ट |

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(B) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

(C) a-iv, b-i, c-ii, d-iii

(D) a-i, b-iv, c-iii, d-ii

(E) अनुत्तरित प्रश्न